मुंबई, सोमवार 4 अक्टूबर 2021

पत्र समूह संस्थापक : स्व. श्री रामगोपाल माहेश्वरी

नवभारत

1934 से

बूस्टर STP में निवेश पर अधिक फायदा

म्युचुअल फंडों में बूस्टर सिस्टेमैटिक ट्रांसफर प्लान (एसटीपी) परंपरागत एसटीपी की तुलना में एक बेहतर निवेश का तरीका है. यह फीचर निवेशकों को इक्विटी या डेब्ट की एक स्कीम से दूसरी स्कीम में अपना निवेश शिफ्ट करने का अवसर देता है, ताकि अधिक रिटर्न अर्जित किया हो सके. बूस्टर एसटीपी बाजार के सस्ता होने पर निवेशकों को ज्यादा यूनिट जुटाने में मदद करता है और जब बाजार महंगा होता है तो यूनिट कम हो जाती है. यदि एक निवेशक हर महीने 10 हजार रुपए में निवेश करता है तो यह बाजार की स्थितियों पर निर्भर होता है. इसका बेस 0.1 से 5 गुना तक हो सकता है. यानी 1 हजार से 50 हजार रुपए बेस हो सकता है. परंपरागत एसटीपी की तुलना में बूस्टर एसटीपी ज्यादा सही तरीके से समग्र पोर्टफोलियो में अधिक रिटर्न देता है.

जेबी फाइनेंशियल सर्विसेस के सीईओ जस्मिन भानुशाली का कहना है कि ज्यादातर निवेशकों के लिए दो तरह की चुनौतियां आती हैं. एक तो, कैसे वह सही समय पर सही निवेश मात्रा के बारे में फैसला करें. दूसरा, बाजार कब सस्ता और कब महंगा है, इसकी पहचान कैसे करें. निवेशकों के लिए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का बूस्टर एसटीपी एक बेहतर विकल्प हो सकता है. डेब्ट फंड और अन्य स्कीम की तुलना में एकमुश्त निवेश ज्यादा सुरक्षित होता है. इक्विटी स्कीम में एक बुद्धिमान निवेशक अच्छी तरह से आकर्षक वैल्यूएशन पर निवेश कर फायदा कमा सकता है. जब बाजार महंगा होता है तो निवेश कम किया जाता है.